# ज़िला सैनिक कल्याण सोलन के सैनिक विश्राम गृह परवाणु के निधि लेखाओं का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2011 से 3/2013

1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्रवाई के सत्यापनोपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से हैः—

(क) लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 5/98 से 3/03

| | | |
|---|---|---|
| पैरों — 5 | अनिर्णीत | |

(ख) लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/05 से 3/08

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 7 | निर्णीत | (रसीद सं0 911 द्वारा दिनाँक 18.3.08 द्वारा ₹10000.00 जमा करवाई गई थे और ₹10605.00 बैंक ड्राफ्ट सं0 138316 दिनाँक 17.3.08 द्वारा जमा करवाई गई जिसकी कोई भी रसीद जारी नहीं की गई है) |

(ग) लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अवधि 4/08 से 3/11

| | | |
|---|---|---|
| पैरा — 3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क प्राप्त करने पर पैरा समाप्त) |
| पैरा — 4 (क) (ख) | निर्णीत | (₹37800 का सावधि जमा का ब्याज कैश बुक में 20.4.11 को दर्ज कर रखा है और तीनों चैंक आगामी महिनों में खाते में जमा हो गए है) |
| पैरा — (ग) | निर्णीत | कैश बुक के साथ बैंक का नियमित रूप से मिलान किया जा रहा है। |
| पैरा — 5 | निर्णीत | (पैरा निवेश से सम्बन्धित है तथा पुनः प्रारूपित किया गया है) |
| पैरा — 6 | निर्णीत | (किराए से सम्बन्धित रजिस्टर को तैयार कर दिया है तथा उसमें समय—समय पर प्रविष्टियॉ की जा रही है) |

2 वर्तमान अंकेक्षणः—

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन के सैनिक विश्राम गृह परवाणु के निधि लेखाओं (अवधि 4/2011 से 3/2013) का अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए है श्री राम सिंह चौहान, अनुभाग अधिकारी व श्री राकेश कुमार चौहान, लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। विस्तृत जाँच हेतु आय के लिए 12/2011 और 12/2012 तथा व्यय के लिए 3/2012 और 7/2012 के माह का चयन किया गया।

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी/अभिलेखों के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा उक्त संस्था द्वारा प्रदान की गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना या सूचना के प्रदान न करने के कारण पाई गई त्रुटि हेतु उत्तरदायी नहीं है।

3 अंकेक्षण शुल्कः—

ज़िला सैनिक कल्याण सोलन के सैनिक विश्राम गृह परवाणु के निधि लेखाओं (अवधि 4/2011 से 3/2013) के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹1,100 आंका गया। उक्त राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009 को प्रेषित करने हेतु अनुभाग अधिकारी के पत्र सं0 314 दिनाँक 20.3.2014 द्वारा उप निदेशक, ज़िला सैनिक कल्याण सोलन से अनुरोध किया गया।

4 (क) वित्तीय स्थितिः—

ज़िला सैनिक कल्याण विभाग सोलन द्वारा प्रस्तुत संस्था के विश्राम गृह परवाणु के निधि लेखाओं की वर्ष 2011—12 से 2012—13 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से थीः—

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | प्राप्त आय | ब्याज | योग | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011—12 | 815189 | 40000 | 127686 | 982875 | 113677 | 869198 |
| 2012—13 | 869198 | 160000 | 50651 | 1079849 | 150100 | 929749 |

(ख) जमा राशि का विवरणः—

| | |
|---|---|
| (i) स्टेट बैंक ऑफ पटियाला सोलन के बचत खाता सं0 10888305824 में 31.3.2013 को जमा राशि | 24967 |
| (ii) सावधि में जमा राशि | 904782 |
| कुल योग | ₹929749 |

(ग)

| | |
|---|---|
| वित्तीय स्थिति के अनुसार सावधि जमा खाते का 31.3.2013 को शेष | 904782 |
| रोकड़ वही के अनुसार सावधि जमा खाते का 31.3.2013 को शेष | 892747 |
| अन्तर | ₹12035 |

अन्तर का कारणः—

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सावधि जमा खाता सं0 31571555010 से ₹100000 को समय से पूर्व दिनाँक 5.3.12 को भुनाने पर प्राप्त ब्याज की राशि की रोकड़ वही में प्रविष्टि न करने के कारण | 9980 |
| 2 | सावधि जमा खाता सं0 32288102111 से ₹100000 को समय से पूर्व दिनाँक 25.7.12 भुनाने पर प्राप्त ब्याज की राशि की रोकड़ वही में प्रविष्टि न करने के कारण | 2050 |
| | योग | ₹12035 |

5 निवेशः—

सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| sr. no | FDR No | Date of investment | Date of maturity | Period | Rate of interest | Amount invested |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 31732517562 | 2—5—11 | 2—5—11 | 2 year | 8.75% | 149923 |
| 2 | 31699734355 | 3—4—11 | 3—4—11 | 2 year | 8.75% | 256774 |
| 3 | 30885276296 | 9—9—11 | 9—9—13 | 2 year | 9.25% | 114888 |
| 4 | 32747149025 | 3—1—13 | 3—1—18 | 5 year | 8.50% | 100000 |
| 5 | 31623302732 | 19—2—13 | 19—2—18 | 5 year | 8.5% | 283197 |
| | | | | | **Total** | ₹904782 |

अतः उपरोक्त निवेशों को समय—समय पर परिपक्वता भुनाया जाए अथवा आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इनका पुनर्निवेश किया जाए तथा इन निवेशों पर प्राप्त ब्याज का भी समय—समय पर रोकड़ वही में लेखांकन भी सुनिश्चित किया जाए।

6 **सैनिक विश्राम गृह, परवाणू की निधि से सैनिक विश्राम गृह, सोलन को ₹252000 स्थान्नातरित करने बारेः—**

चयनित माह 3/2012 और 7/2012 के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा सैनिक विश्राम गृह, परवाणु की निधि से सैनिक विश्राम गृह, सोलन को ₹252000 हंस्तातरित की गई। यह राशि सैनिक विश्राम गृह निधि सोलन की मुरम्मत हेतु आवश्यक समान क्रय करने हेतु निम्नविवरणानुसार स्थानान्तरित की गई है। हि0प्र0 सैनिक विश्राम गृह मनेजमैंट नियमो के अनुसार एक विश्राम गृह से दूसरे विश्राम गृह को निधि स्थानान्तरित करने को कोई भी प्रावधान नहीं है। अतः ₹2,52.000 को सैनिक विश्राम गृह, सोलन की निधि से निकाल कर उसे सैनिक विश्राम गृह, परवाणु की निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाएः—

| क्र0सं0 | वाऊचर सं0 | दिनाँक | राशि | उद्धेश्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 5.3.12 | 1.02.000 | सैनिक विश्राम गृह, सोलन की मुरम्मत हेतु |
| 2 | 14 | 27.7.12 | 1.50.000 | सैनिक विश्राम गृह, सोलन के लिए आवश्यक सामान क्रय करने हेतु |

7 **श्री सदीप कुमार से किराये की ₹60,000 की वसूली न करनाः—**

सैनिक विश्राम गृह, परवाणु को श्री संदीप कुमार पुत्र श्री सुभाष चन्द्र निवासी 105—सी, सेक्टर—1 परवाणु को ₹10000/— प्रति माह की दर से किराये पर दिया गया है। श्री संदीप

कुमार द्वारा विश्राम गृह, परवाणु का किराया समय पर नहीं दिया जा रहा है जिसके फलस्वरूप दिनाँक 31.3.2013 को किराये के रूप में ₹60000/– वसुली हेतु शेष थी जोकि 28.2.2014 तक बढ़ कर ₹1,30,000/– हो गई है। अतः उक्त राशि को समय पर वसूल करने के कारण जहाँ एक और संस्था की वितीय स्थिति पर विपरीत असर पड़ता है वही दूसरी ओर संस्था को ब्याज के रूप में निरन्तर हानि हो रही है। अतः उक्त राशि को शीघ्रअतिशीघ्र वसूल करके सैनिक विश्राम गृह, परवाणु की निधि में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाए।

8 **लघु आपत्ति विवरणिकाः**– इस प्रकार की कोई भी विवरणिका अलग से जारी नहीं की गई है।

9 **निष्कर्षः**– लेखों मे सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः फिन(एल0ए0)एच(2)सी(15)(14)32/76–खण्ड–5 दिनांक,14.07.2014 शिमला–171009.

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :–

**पंजीकृत**

1. उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग एक माह के भीतर भेजे।
2. अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन) हि0प्र0 सरकार शिमला–2
3. निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण हमीरपुर, जला हमीरपुर हि0प्र0
4. श्री राम सिंह चौहान अनुभाग अधिकारी द्वारा.....................

हस्ता/
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.